लेबर कोड्स के प्रावधानों की जानकारी व जागरूकता को लेकर प्रशिक्षण

मुंगेर (आससे)। श्रमिकों एवं नियोजकों को चार नई श्रम संहिताओं के प्रावधानों की जानकारी देने तथा उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई परिसर, मुंगेर के प्रथम तल स्थित स्थानीय हॉल में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर श्रम विभाग के वरीय पदाधिकारी, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



इस अवसर पर श्रम अधीक्षक दिलीप कुमार झा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं श्रमिकों का स्वागत किया। प्रशिक्षण सत्र में उप श्रमायुक्त मो0 आफताब आलम, सहायक श्रमायुक्त शशि कुमार सक्सेना एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने बारी-बारी से चार नई श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों, उनके उद्देश्य तथा श्रमिकों एवं नियोजकों के लिए उनकी उपयोगिता की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान श्रमिकों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम कानूनों के अनुपालन से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित श्रमिकों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों को नए श्रम कानूनों के प्रावधानों की समुचित जानकारी प्राप्त करने तथा उनके प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी और श्रम व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय श्रीमती सविता रानी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के शाखा प्रबंधक इन्द्रदेव प्रसाद, कारखाना निरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि, आईटीसी एवं आईटीसी डेयरी के महाप्रबंधक, विभिन्न श्रमिक संघों के अध्यक्ष एवं महासचिव, परिवार विकास एवं सेवा भारत एनजीओ के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, जमालपुर विक्रम कुमार ने किया। अंत में श्रम अधीक्षक ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। उन्होंने कहा कि श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनके कल्याण एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर है।

मारपीट मामले में मां और दो भाई गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (आससे)। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के छोटी मुढ़ेरी गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट मामले की आरोपी मां और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया घटना के संबंध में पीड़ित गौतम बिंद ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि वे अपने घर पर बैठे हुए थे, तभी उनके दोनों छोटे भाई छोटू कुमार और राजा कुमार तथा उनकी मां कैली देवी लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे और जान से मारने की नीयत से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित गौतम बिंद के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मां कैली देवी और दोनों भाइयों छोटू कुमार व राजा कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

डीएम ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना


मुंगेर (आससे)। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। जन सुनवाई के दौरान कई नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिसमें कई आवेदन प्राप्त हुए, इनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण, दाखिल-खारिज तथा राजस्व संबंधी अन्य मामलों से संबंधित थे। असरगंज अमैया माछीडीह निवासी विश्वदेव आनंद ने पिता किया मृत्यु के पश्चात अनुकम्पा पर नियुक्त किया मांग की। मध्य विद्यालय मिल्कीचक नम्बर 2 की शिक्षिका मधु रानी ने कहा के जनगणना के दौरान छुट्टी के दिन किए कार्य की क्षति पूर्ति अवकाश दिए जाने की मांग की। लोहची गालिमपुर निवासी रूबी कुमारी ने बताया के उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु आवेदन किया था, परन्तु पात्र लाभुक होने के बावजूद उन्हें अब तक इसका लाभ नहीं मिला।



असरगंज कटियारी निवासी बेबी देवी ने अपने बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने प्राप्त सभी आवेदनों की गहनता से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने सड़क मार्ग के निर्माण मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण

हवेली खड़गपुर (आससे)। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने क्षतिग्रस्त बरियारपुर रेलवे ओवर ब्रिज एवं बरियारपुर-खड़गपुर मार्ग पर चल रहे निर्माण मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा बरियारपुर-खड़गपुर मार्ग की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का भी अवलोकन किया।



निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और मरम्मत निर्माण कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने पर जोर दिया। विदित हो कि विक्रमशीला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के पश्चात तथा बाढ़ के दौरान इस मार्ग पर बड़े वाहनों का अत्यधिक परिचालन बढ़ने से बरियारपुर रेलवे ओवर ब्रिज एवं बरियारपुर-खड़गपुर मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

मार्ग की स्थिति प्रभावित होने से वाहनों के परिचालन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद उक्त मार्ग पर आवागमन सुचारु होने की उम्मीद है, जिससे आम नागरिकों तथा वाहन चालकों को राहत मिलेगी और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर हो सकेगी।

स्वीकृति के डेढ़ साल बाद भी नहीं बन सका अकबरनगर का नगर पंचायत प्रशासनिक भवन

2.49 करोड़ की मिली मंजूरी, जमीन की प्रक्रिया लंबित

अकबरनगर (आससे)। अकबरनगर नगर पंचायत के प्रशासनिक भवन निर्माण का मामला एक बार फिर चर्चा में है। बिहार सरकार से भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जमीन संबंधी प्रक्रिया लंबित रहने के कारण नगर पंचायत को अपना स्थायी प्रशासनिक भवन नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत की मुख्य पार्षद किरण देवी ने नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

मुख्य पार्षद ने 29 अक्टूबर 2026 को पत्रांक 523/26 के माध्यम से भेजे गए पत्र में बताया है कि नगर पंचायत अकबरनगर के प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए बिहार सरकार की ओर से 17 अप्रैल 2025 को कुल 2 करोड़ 49 लाख 85 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसमें प्रथम किस्त के रूप में 25 लाख रुपये की राशि भी उपलब्ध कराई गई है। इसके बावजूद भूमि संबंधी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।पत्र में कहा गया है कि प्रशासनिक भवन नगर पंचायत के सुचारु संचालन और आम नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बेहद आवश्यक है। फिलहाल नगर पंचायत को सीमित संसाधनों में प्रशासनिक कार्यों का संचालन करना पड़ रहा है, जिससे दैनिक कामकाज के साथ आम लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य पार्षद के अनुसार, भूमि उपलब्ध कराने और उससे संबंधित प्रक्रिया पूरी कराने के लिए नगर पंचायत की ओर से लगातार संबंधित अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है।



इस संबंध में 18 दिसंबर 2025 को पत्रांक 378/25, 15 जून 2026 को पत्रांक 464/26 और 13 सितंबर 2026 को पत्रांक 497/26 के माध्यम से भी आवश्यक पहल का अनुरोध किया गया था।इसके बाद अपर समाहर्ता, भागलपुर ने 15 सितंबर 2026 को ज्ञापांक 5023 के माध्यम से अंचलाधिकारी, सुल्तानगंज को सात दिनों के भीतर भूमि संबंधी मामले की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। हालांकि, मुख्य पार्षद ने पत्र में खेद जताते हुए कहा है कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है।उन्होंने नगर विकास मंत्री से आग्रह किया है कि मामले में अपने स्तर से हस्तक्षेप कर संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया जाए, ताकि भूमि संबंधी लंबित प्रक्रिया पूरी हो सके और जिला कार्यालय के माध्यम से जमीन का एनओसी मिलने के बाद प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके।

मद्यनिषेध को लेकर जागरूकता रैली

बांका (आससे)। जीविका दीदी और जीविका से कार्यकर्ताओं के द्वारा रजौन और शम्भुगंज प्रखंड में मद्य निषेध को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आम लोगों को शराब के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। रैली में जीविका से जुड़ी महिलाओं एवं सामुदायिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जीविका दिदियों ने लोगों को शराब से दूर रहने, इसके सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों को समझने तथा अपने परिवार और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर जीविका दीदियों ने संदेश दिया कि नशामुक्त परिवार ही सुखी परिवार है और नशामुक्त समाज ही विकसित समाज की पहचान है। रैली का मुख्य उद्देश्य जन-जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं की सामाजिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा बिहार को नशामुक्त बनाने के अभियान को मजबूती प्रदान करना है। इस पहल से समाज में मद्य निषेध के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक सामाजिक बदलाव लाने का संदेश दिया गया।

पंचभोग स्वीट्स में ग्राहक को परोसा गया दूषित बर्गर, वीडियो वायरल

अकबरनगर(आससे)। अकबरनगर बाजार के स्टेशन चौक स्थित पंचभोग स्वीट्स में फास्टफूड खाने वाले ग्राहकों की सेहत के साथ खिलवाड़ का मामला सामने आया है। दुकान में एक ग्राहक को कथित रूप से कीड़ा और फंगस लगा दूषित बर्गर परोसे जाने का मामला सामने आने के बाद बाजार में हड़कंप मच गया है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक हिंदी अखबार आज नहीं करता है।जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम एक ग्राहक पंचभोग स्वीट्स से बर्गर खरीदकर दुकान में ही खाने बैठा था। ग्राहक ने बताया कि आधे से अधिक बर्गर खाने के बाद उसका स्वाद अजीब लगने लगा। इसके बाद जब उसने बर्गर को ध्यान से देखा तो उसमें कीड़ा और फंगस जैसी चीजें दिखाई दीं। यह देखकर ग्राहक हैरान रह गया। उसने तत्काल दुकानदार से इसकी शिकायत की और दूषित बर्गर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।ग्राहक का आरोप है कि शिकायत करने पर दुकानदार ने मामले को गंभीरता से लेने के बजाय उल्टे उसे डांटने लगा। हालांकि, वायरल वीडियो को लेकर दुकानदार सन्नी कुमार से पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया कि एक ग्राहक को दूषित बर्गर परोसा गया था। दुकानदार ने बताया कि ग्राहक को बर्गर की कीमत वापस कर दी गई है।इधर, शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि फास्टफूड के नाम पर ग्राहकों को इस तरह का दूषित खाद्य पदार्थ परोसना उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ है। ग्राहक ने सोशल मीडिया के माध्यम से एसडीओ, एमओ और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी देते हुए दुकान की जांच कराने की मांग की है।इस संबंध में सुल्तानगंज के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है। जल्द ही मामले की जांच कराई जाएगी।



लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ ,बीजेपी का नौटंकी : कांग्रेस

मुंगेर (आससे)। वोट बचाओ - देश बचाओ को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने बाली कांग्रेस की महारैली से भाजपा हताश और निराश हो चुकी है ! यह बातें अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रदेश प्रधान महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता बिनय कुमार गुड्डू ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाओ , अराजकता हटाओ , भाजपा का पदयात्रा नौटंकी है !जो खुद भारत निर्वाचन आयोग की मिली भगत से मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण के नाम पर मतदाता सूची से लाखों मतदाताओं का नाम हटाया । जिससे लोकतंत्र की हत्या हुई और खुद भाजपा सरकार में है। फिर भी लोकतंत्र इनसे बच नहीं रहा है !और कहते हैं कि पदयात्रा होगी ।

प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा के निर्देश पर बाढ़ राहत राशि से वंचित पीड़ितों को जल्द मिलेगा मुआवजा

भागलपुर(आससे)। भागलपुर के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सह भागलपुर के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने समीक्षा भवन में अधिकारियों के साथ बाढ़ आपदा राहत को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान जिले में बाढ़ से प्रभावित लोगों को दी गई राहत और मुआवजा राशि की स्थिति की समीक्षा की गई। मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बाढ़ के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री स्वयं भागलपुर पहुंचे थे और प्रभावित इलाकों का जायजा लिया था। बिहार सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव सहायता पहुंचाने का प्रयास किया गया। सरकार ने अपनी क्षमता के अनुसार पीड़ित परिवारों को राहत उपलब्ध कराई है। मंत्री ने कहा कि अभी भी कुछ ऐसे बाढ़ पीड़ित हैं जिन्हें राहत राशि नहीं मिल पाई है। ऐसे सभी प्रभावित लोगों की सूची तैयार करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए लाभुकों की पहचान कर जल्द से जल्द उनके खाते में राहत राशि पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी वास्तविक पीड़ित सरकारी सहायता से वंचित न रहे बैठक के दौरान जिलाधिकारी अलंकृता पांडे, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



कुआं पुल पर छोटे वाहन का परिचालन अविलंब चालू करे सरकार : चक्रपाणि

कहलगांव/भागलपुर(आससे)। बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु जिले के कहलगांव अनुमंडल मुख्यालय के कुआ पुल जो बंद है उसपर मुख्यमंत्री अभिलंब छोटे वाहनो का परिचालन शुरू करें।



इसके लिए मुख्यमंत्री को आग्रह पत्र ईमेल एवं स्पीड पोस्ट के जारिये भेज कर आग्रह किया है। हिमांशु ने उस आग्रह पत्र में लिखा है कि कहलगांव शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 80 पर स्थित कुआं पुल पर दो अगस्त से परिचालन बंद रहने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है । जिला मुख्यालय से संपर्क भंग होने पर स्कूली छात्र,मरीजों, नौकरी पेशा लोगों एवं व्यापारियों को कठिनाई हो रही है । पुल बंद होने से 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी करने पर ईंधन खर्च अधिक एवं समय अधिक लग रहा है। भागलपुर से कहलगांव को जोड़ने वाली कुआं पुल एक मुख्य सड़क है। पुल के पास कहलगांव जिला पार्षद जनार्दन प्रसाद आजाद के नेतृत्व में कहलगांव की जनता 5 दिन से आंदोलन आमरण अनशन कर रहे हैं ।

पुलिस अधीक्षक ने किया बाराहाट और पुलिस निरीक्षक कार्यालय रजौन का वार्षिक निरीक्षण

बांका (आससे)। आरक्षी अधीक्षक अमितेश कुमार द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का संधारण, मालखाना, शस्त्रागार, हाजत, सीसीटीएनएस कार्य, लंबित कांडों की स्थिति, वारंट एवं कुर्की निष्पादन की कार्रवाई तथा विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में विशेष रूप से आम जनता से संवाद (जन-सुनवाई) किया गया। इस दौरान बाराहाट थाना क्षेत्र से पहुंचे आम नागरिकों एवं फरियादियों से पुलिस अधीक्षक ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। उन्होंने एक-एक कर सभी की समस्याओं, परिवेदनाओं और शिकायतों को अत्यंत गंभीरतापूर्वक सुना तथा अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित थानाध्यक्ष को अपने थाना क्षेत्र में नियमित वाहन जांच, चेक पोस्ट पर सघन जांच/गश्ती, अपराधियों के विरुद्ध निरंतर छापेमारी अभियान चलाने, फरार एवं वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा शराब, हथियार एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित कांडों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने, अनुसंधान में तेजी लाने, प्रत्येक कांड की नियमित समीक्षा करने तथा अनुसंधान में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर थाना भवन की भौतिक अवसंरचना, रख-रखाव और कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष जायजा लेते हुए इसके सुदृढ़ीकरण और बेहतर उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



आरक्षी अधीक्षक द्वारा आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने, प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सभी पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील एवं जवाबदेह होकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बौसी, पुलिस अंचल निरीक्षक,रजौन, थानाध्यक्ष रजौन,पुलिस अंचल निरीक्षक, बौसी एवं पु.नि.-सह-थानाध्यक्ष बाराहाट सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

न्यायपालिका का कार्य सिर्फ न्याय देना ही नहीं बल्कि कानून के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है : प्रधान जिला जज

बांका (आससे)। बांका न्यायालय परिसर से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका द्वारा 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत बाल विवाह व बाल शोषण के विरुद्ध प्रभात फेरी निकली गयी ड्ड इस प्रभात फेरी को प्रधान जिला जज सत्य भूषण आर्य द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया ड्ड रैली को रवाना करने से पुर्व प्रधान जिला जज द्वारा बताया गया कि बच्चे समाज का भविष्य होते हैं, न्यायपालिका का कार्य सिर्फ न्याय देना ही नहीं है बल्कि कानून के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। विधायिका ने पॉक्सो एक्ट तो बना दिया है लेकिन यह समाज कि जिम्मेवारी है वो इस जागरूकता अभियान में शामिल हो तभी कानून सही से अपना काम कर पायेगा। बाल विवाह व बाल शोषण के विरुद्ध इस जागरूकता यात्रा में आर.एम.के. उच्च विद्यालय, एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय एवं प्रोन्नत मध्य विद्यालय सैजपुर, बांका के छात्र एवं छात्राएं सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका के पारा विधिक स्वयंसेवक एवं कार्यालय कर्मी भी सम्मिलित थे।



जिला स्तरीय युवा उत्सव शुरू, लोक कलाकार कार्यक्रम को बना रहे यादगार

जमुई (आससे)। बिहार सरकार , कला संस्कृति एवं युवा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रावनेश्वर हॉल में जिला स्तरीय युवा उत्सव शुरू हुआ। डीएम श्री नवीन ने दो दिवसीय कार्यक्रम का अग्नि ज्योति प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कहा कि जीवन में कला का खास महत्व है। इससे जहां मनोरंजन होता है वहीं इसके जरिए भी शिखर पर परचम लहराया जा सकता है। युवा पीढ़ी ही साँस्कृतिक विरासत को सहेजने की क्षमता रखते हैं। कलाकार ही लोक कला , लोक गीत और पारंपरिक विधाओं को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने प्रतिभागी फनकारों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की। दो दिवसीय इस उत्सव के पहले दिन लोकगीत , लोकनृत्य और चित्रकला समेत विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दरम्यान छठ गीत , लोक नृत्य , पूर्वी लोकगीत , पारंपरिक गोदना गीत , सोहर और कजरी जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की लोकआस्था , परंपरा और ग्रामीण जीवन की जीवंत तस्वीर पेश की। इन कलाओं ने दर्शकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ लोक कलाओं की समृद्ध विरासत का गहरा अनुभव कराया।

उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना , स्थानीय लोक कला का संरक्षण करना तथा उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। कला संस्कृति पदाधिकारी विकेश कुमार , डीईओ धनंजय कुमार पासवान , महाप्रबंधक शुभम कुमार , जिला खेल पदाधिकारी परिमल , सहायक निदेशक काजोल मोदी , उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी , कार्यपालक अभियंता गौतम कुमार आदि ओहदेदार मौके पर मौजूद थे।

सरकारी योजना के मध्याह्न भोजन में 5 माह से राशि है बकाया

सन्हौला/भागलपुर(आससे)। भागलपुर जिले सन्हौला प्रखंड के सिल्क भवन में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें राज्य सरकार की योजना के तहत दीपावली से पहले सभी विद्यालयों में रंग-रोगन का काम पूरा कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों को स्कूल परिसर में संचालित करने, छोटे बच्चों की सुरक्षा और मध्याह्न भोजन की राशि के भुगतान का मुद्दा भी उठा।

शिक्षकों ने बताया कि मध्याह्न भोजन से संबंधित राशि करीब पांच महीने से लंबित है। इस पर बीईओ ने तकनीकी समस्या का हवाला देते हुए जल्द भुगतान कराने की बात कही। दीपावली से पहले पूरा करना होगा रंग-रोगनः बीईओ विकास कुमार ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को निर्देश दिया कि सरकारी योजना के तहत रंग-रोगन का काम जल्द से जल्द पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले काम पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि विद्यालयों का वातावरण साफ-सुथरा और आकर्षक बन सके। इसके लिए सभी प्रधानाध्यापकों को प्राथमिकता के आधार पर काम कराने को कहा गया।

स्कूल परिसर में चलेंगे आंगनबाड़ी केंद्रः बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों को विद्यालय परिसर में संचालित करने पर जोर दिया गया। बीईओ ने कहा कि जहां पर्याप्त जगह उपलब्ध है, वहां आंगनबाड़ी केंद्र चलाए जाएं। जगह की कमी होने पर केंद्र के लिए उपयुक्त स्थान की व्यवस्था की जाए। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी से निकलने वाले बच्चों को आगे की स्कूली शिक्षा से जोड़ना है, ताकि कक्षा एक में उनका नामांकन कराने में सुविधा हो। विद्यालयों में चारदीवारी सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहने से छोटे बच्चों को सुरक्षित वातावरण और बेहतर शैक्षणिक माहौल भी मिल सकेगा। 5 महीने से बकाया है मध्याह्न भोजन की राशिः बैठक में कुछ शिक्षकों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि मध्याह्न भोजन से संबंधित राशि का भुगतान करीब पांच महीने से नहीं हुआ है। इससे बकाया राशि को लेकर परेशानी बनी हुई है।

इस संबंध में बीईओ विकास कुमार ने स्वीकार किया कि विद्यालयों को राशि का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण भुगतान रुका हुआ है। समस्या का जल्द समाधान कर विद्यालयों को राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। अब शिक्षकों को तकनीकी समस्या दूर होने और बकाया राशि मिलने का इंतजार है।